के.मा.शि.बो./शैक्ष./संस(शस)/आर.सी./2022/ दिनांक: 02.11.2022

परिपत्र संख्या: शैक्ष.-134/2022

**के.मा.शि.बो. से संबद्ध सभी स्वतंत्र विद्यालयों के प्रमुख**

**विषय: केमाशिबो पठन चुनौती 2022-2023**

अधिगम लक्ष्यों और प्रक्रियाओं में परिवर्तन के साथ 21वीं सदी के कौशल और संचार और महत्वपूर्ण सोच की दक्षताओं के अर्जन के लिए, विभिन्न प्रकार की सूचनाओं को खोजने, समझने और प्रतिबिंबित करने की क्षमता अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। यह सर्वविदित है कि पठन साक्षरता न केवल शैक्षिक प्रणाली के भीतर अन्य विषय क्षेत्रों में उपलब्धि का आधार है, बल्कि वयस्क जीवन के अधिकांश क्षेत्रों में सफल भागीदारी के लिए एक पूर्वापेक्षा भी है।

विद्यार्थियों के बीच पठन साक्षरता को बढ़ावा देने पर ध्यान देने के साथ, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2019 से केमाशिबो पठन चुनौती का आयोजन कर रहा है। शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए यह केमाशिबो पठन चुनौती अक्टूबर-नवंबर 2022 के महीनों में आयोजित किया जाएगा।

**केमाशिबो पठन चुनौती का विवरण**

1. यह हिंदी और/या अंग्रेजी माध्यम में दो स्तरों कक्षा 6वीं से 7वीं; और कक्षा 8वीं से 10वीं के लिए उपलब्ध है।

2. यह प्रतियोगिता विभिन्न प्रकार के प्रेरक कारकों के साथ प्रतिभागियों को जोड़ेगी और निम्नलिखित क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करेगी:

    - समझ और सटीकता के साथ पढ़ना;
    - जानकारी को पुनः प्राप्त कर, अपने पिछले ज्ञान के साथ पाठ से संबंधित करके और जानकारी को एकीकृत करके अर्थ का निर्माण करना;
    - जानकारी की व्याख्या करना और निष्कर्ष निकालना; तथा
    - पाठ की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को आंकने की दृष्टि से प्रतिबिंबित और मूल्यांकन करना।

3. यह प्रतियोगिता **दो राउंड्स** – विद्यालय स्तर पर और अंतर्विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी।

4. इस संवर्धन गतिविधि के दोनों चरणों में भाग लेने वाले **विद्यार्थियों के लिए कोई शुल्क नहीं** है।

5. के.मा.शि.बो. से संबद्ध विद्यालयों के कक्षा छठी से दसवीं तक के सभी विद्यार्थी प्रथम राउंड/ प्रथम चरण

में भाग लेने के लिए पात्र हैं। विद्यालयों को इस राउंड के लिए विद्यार्थियों को पंजीकृत करना होगा। द्वितीय राउंड/द्वितीय चरण के लिए, प्रथम चरण में पंजीकृत प्रत्येक संबद्ध विद्यालय, चुनौती के अंग्रेजी संस्करण के लिए दस विद्यार्थियों (प्रत्येक भाग लेने वाली कक्षा से सर्वश्रेष्ठ 02 विद्यार्थियों) को नामांकित और पंजीकृत कर सकता है।

6. भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रदान किये जाने वाले कार्य, गति और सटीकता दोनों पर केंद्रित होंगे। पठन कार्य सहित पठन चुनौती प्रश्नपत्र में विभिन्न प्रकार के प्रेरक तत्व जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न भी सम्मिलित होंगे।

7. द्वितीय राउंड के सभी प्रतिभागियों को बोर्ड द्वारा ऑनलाइन भागीदारी उपलब्ध कराई जाएगी। अति उत्तम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे।

8. विद्यालयों के पंजीकरण के लिए विवरण अनुलग्नक I पर उपलब्ध हैं।

सभी विद्यालय, विद्यार्थियों को के.मा.शि.बो. पठन चुनौती में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि शिक्षार्थियों को अभ्यास करने और पढ़ने के कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त हो। किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए, आप cbse.reading.mission@cbseshiksha.in पर ईमेल भेज सकते हैं या 011-23211575 पर कॉल कर सकते हैं।

शुभकामनाओं सहित

डॉ. जोसफ इमानुवल
निदेशक (शैक्षणिक)

**अनुलग्नक**

पठन चुनौती दो चरणों में आयोजित की जाएगी :

**A. प्रथम राउंड/ प्रथम चरण:**

- एक संबद्ध विद्यालय अपने विद्यार्थियों (कक्षा VI और VII और VIII से X) को **02.11.2022 से 25.11.2022 तक** प्रथम राउंड/ प्रथम चरण के लिए हिंदी या अंग्रेजी या दोनों पठन चुनौती के लिए के.मा.शि.बो. वेबसाइट www.cbse.gov.in तथा www.cbseacademic.nic.in पर लिंक के माध्यम से पंजीकृत कर सकते हैं। अंतिम क्षण की भागदौड़ से बचने के लिए, विद्यालयों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पूर्व पंजीकरण कर लें।
- **28.11.2022** को, पंजीकृत विद्यालयों को प्रसांकन मानदंड के साथ पठन कार्य सहित एक पठन चुनौती प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया जाएगा।
- विद्यालय **28.11.2022 से 30.11.2022** के मध्य पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए चुनौती का आयोजन करेगा और दस विद्यार्थियों (कक्षा छठी और सातवीं और आठवीं से दसवीं तक प्रत्येक) का चयन पूर्व में प्रदत हिंदी और अंग्रेजी में पठन कार्यों में उनके प्रदर्शन के आधार पर करेगा। यदि दस से अधिक विद्यार्थी एक ही स्तर पर प्रदर्शन करते हैं, तो दस सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन करने के लिए विद्यालयों द्वारा अपने स्तर पर एक उपयुक्त स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित जा सकती है।
- विद्यालय **01.12.2022 से 16.12.2022** के मध्य के.मा.शि.बो. की वेबसाइट पर द्वितीय राउंड के लिए चयनित विद्यार्थियों को पंजीकृत करेगा।

**B. द्वितीय राउंड/द्वितीय चरण**

- बोर्ड द्वारा **19.12.2022 और 30.12.2022** के मध्य पंजीकृत विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर आधारित पठन चुनौती आयोजित की जाएगी। इसमें केवल वे ही विद्यालय सम्मिलित होंगे जिन्होंने प्रथम चरण को पूर्ण कर लिया है और तत्पश्चात द्वितीय चरण के लिए पंजीकृत विद्यार्थी दूसरे चरण के लिए पात्र होंगे।
- इस परीक्षा के संचालन की विस्तृत जानकारी के विषय में उन विद्यालयों को सूचित किया जाएगा जो चुनौती के दूसरे दौर के लिए विद्यार्थियों का पंजीकरण करेंगे।